# फिजियोथैरेपी विभाग, मेवाड़ विश्विद्यालय हुआ सम्मानित

**गंगरार।** मेवाड़ विश्वविद्यालय के फिजियोथैरेपी विभाग को जयपुर बिरला ऑडिटोरियम में हुई प्रथम इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन सपोर्ट एंड एक्सरसाइज मेडिसिन में बेस्ट एमरजिंग फिजियोथैरेपी विभाग के अवार्ड से सम्मानित किया गया। फिजियोथेरेपी विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप वैष्णव ने यह सम्मान स्वीकार किया। कांफ्रेस में डॉ. वैष्णव को बेस्ट एकेडमिशियन के पुरुस्कार से सम्मानित किया गया।



# विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**गंगरार।** मेवाड़ विश्विद्यालय के कृषि विभाग के विद्यार्थियों ने उदयपुर जिले का शैक्षणिक भ्रमण किया। कृषि विभाग की प्राध्यापिका डॉ. नीलू जैन एवं प्राध्यापक डॉ. के.के भाटी के निर्देशन में हुए इस भ्रमण में कृषि संकाय के 80 विद्यार्थी शामिल थे।



# मेवाड़ विश्वविद्यालय बेस्ट एमरजिंग अवार्ड से सम्मानित

चित्तौड़गढ़ (प्रातःकाल संवाददाता)। मेवाड़ विश्विद्यालय के फिजियोथैरेपी विभाग को 13 एवं 14 अप्रैल को जयपुर बिरला ऑडिटोरियम में हुई प्रथम इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन सपोर्ट एंड एक्सरसाइज मेडिसिन में बेस्ट एमरजिंग फिजियोथैरेपी विभाग के अवार्ड से सम्मानित किया गया। फिजियोथैरेपी चिकित्सा पद्धति द्वारा बिना दवाई, बिना ऑपरेशन, बिना इंजेक्शन के दर्द तथा लकवा का उपचार किया जाता है। विश्वविद्यालय के फिजियोथैरेपी विभाग द्वारा इस वर्ष विभिन्न स्थानों पर निःशुल्क शिविरों का आयोजन किया गया जिनमें ग्रामीण स्तर से शहरी स्तर के कई मरीजो का इस पद्धति द्वारा उपचार किया गया। विभाग द्वारा विश्वविद्यालय में ज्ञानवर्धक कार्यशाला जैसे उपचार पूर्व मरीज के जान बचाने की विधि सी.पी.आर. का आयोजन हुआ। यह सम्मान इन्हीं उपलब्धियों के लिए विश्वविद्यालय तथा विभाग को दिया गया। इस कॉन्फ्रेंस का आयोजन द रॉयल डॉक्टर्स चौरिटीबल ट्रस्ट द्वारा किया गया जिसमें देश विदेश के 800 से अधिक विभिन्न विभाग के चिकित्सक एवं खेल जगत की कई मशहूर हस्तियां मौजूद रही। इस कॉन्फ्रेंस में फिजियोथेरेपी विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप वैष्णव ने मेवाड़ विश्वविद्यालय की ओर से ये सम्मान स्वीकार किया साथ ही वे स्वयं भी बेस्ट एकेडमिशियन के पुरुस्कार से सम्मानित हुए।

# फिजियोथैरेपी विभाग का किया सम्मान

गंगरार. मेवाड़ विश्वविद्यालय के फिजियोथैरेपी विभाग को 13 एवं 14 अप्रेल को जयपुर बिरला ऑडिटोरियम में प्रथम इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन सपोर्ट एंड एक्सरसाइज मेडिसिन में बेस्ट एमरजिंग फिजियोथैरेपी विभाग के अवार्ड से सम्मानित किया गया।

फिजियोथैरेपी चिकित्सा पद्धति द्वारा बिना दवाई, बिना ऑपरेशन, बिना इंजेक्शन के दर्द व लकवे का उपचार किया जाता है। फिजियोथैरेपी विभाग द्वारा इस वर्ष विभिन्न स्थानों पर निःशुल्क शिविरों का आयोजन किया गया जिनमें ग्रामीण स्तर से शहरी स्तर के कई मरीजों को इस पद्धति द्वारा उपचार किया गया।

## विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



गंगरार | मेवाड़ विश्विद्यालय के कृषि विभाग के 80 छात्रों के लिए उदयपुर जिले का शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन हुआ। विद्यार्थियों ने महाराणा प्रताप कृषि यूनवर्सिटी के कृषि यांत्रिकी विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि संग्रहालय का अवलोकन किया। प्राध्यापक डॉ. नीलू जैन एवं प्राध्यापक डॉ. केके भाटी के निर्देशन में डेयरी की आधुनिक तकनीक व उपकरण बताए गए। आरसीए में कृषि के विभिन्न विभाग, जैविक खेती, मौसम विभाग, मत्स्य पालन, पशुपालन आदि के बारे में जाना।

## फिजियोथैरेपी विभाग सम्मानित



गंगरार | मेवाड़ विश्विद्यालय के फिजियोथैरेपी विभाग को 13 एवं 14 अप्रैल को जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में हुई प्रथम इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन स्पोर्ट एंड एक्सरसाइज मेडिसिन में बेस्ट एमरजिंग फिजियोथैरेपी विभाग का सम्मान दिया गया। कॉन्फ्रेंस द रॉयल डॉक्टर्स चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से हुई। इसमें देश विदेश के 800 से अधिक चिकित्सक एवं खेल जगत की हस्तियां मौजूद रहीं। यूनवर्सिटी से विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप वैष्णव ने सम्मान स्वीकार किया।

# अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन के उपाय बताए



गंगरार. अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं व अन्य।

**गंगरार.** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयए टाइप. 4 में सुरक्षित भारत मिशन एवं राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मेवाड़ यूनिवर्सिटी की ओर से अग्नि सुरक्षा जागरूक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

चीफ फायर ट्रेनर एके सिंह ने छात्राओ एवं कर्मचारियों को अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन के उपाय बताए। इसमें आग से सुरक्षा, ज्वलनशील द्रव्यो की आग से सुरक्षा और बिजली की आग से सुरक्षा की जानकारी द्री गई। उन्होंने बताया कि आग बुझाने के तीन तरीके होते हैं आग का दम घोटना, आग को भूखा मरना, आग को ठंडा करना। साथ ही साथ अग्निशामक यंत्र को चलाने का प्रशिक्षण दिया व फा्यर लाइव डेमो भी करवाया। मेवाड़ यूनिवर्सिटी के अतिरिक्त निदेशक रतिन्दर जालु ने कहा कि विभाग ऐसे. कार्यरम भविष्य में करता रहेगा। यूनिवर्सिटी के अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अस्सिटेंट फायर ट्रेनर चंद्रभान यादव व अन्य ने सहयोग किया। इस मौके पर राबाउमावि गंगरार की प्रधानाचार्य बादाम चौधरी, छात्रावास वार्डन डिम्पल नायक, सहायक वार्डन ललित कच्छावा और कर्मचारी मौजूद थे।